पत्रांक– भवन / स्था0–01–विविध–04 / 2026..... / 10584 (अ)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नन्दन सिन्हा,
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी (HRMS),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

ई0–मेल
अत्यावश्यक

सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित) /
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी–सह–प्रभारी लेखा,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित) /
सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित), भवन निर्माण विभाग।

पटना, दिनांक– 10/11/26

विषय :– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत सभी कार्यालयों के House Rent Allowance (HRA) के Fixation हेतु सभी DDO कार्यालयों एवं प्रशासनिक कार्यालयों से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग), पटना का पत्रांक– 3325, दिनांक–26.10.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ करना चाहेंगे। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत सभी कार्यालयों के House Rent Allowance (HRA) के Fixation हेतु कर्मियों का पदस्थापन कार्यालय की शहर श्रेणी (City Tier) की जानकारी एवं वेतन आहरण (DDO) कार्यालयों तथा उनसे संबद्ध प्रशासनिक कार्यालयों की सूची, उस शहर की श्रेणी सहित संलग्न प्रपत्र में, एक्सेल (Excel) प्रारुप में सूचनाओं को अंकित कर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग), पटना को उपलब्ध कराया जाना है।

अतएव संलग्न विहित प्रपत्र में वांछित सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, ताकि सूचना ससमय बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग), पटना को उपलब्ध कराया जा सके।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

10.11.26

(अवधेश नन्दन सिन्हा)
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी (HRMS),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

E/MADHUMITA.RAJ.STHAPANA/Prabhu SIR/Letters/p.draft

पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS–02 / 2025 सो० 3325

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

राशिद कलीम अंसारी,
अपर मिशन निदेशक।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 26/10/2026

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत सभी कार्यालयों के House Rent Allowance (HRA) के Fixation हेतु सभी DDO कार्यालयों एवं प्रशासनिक कार्यालयों से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत सभी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के House Rent Allowance (HRA) का सही Fixation करने के लिए यह आवश्यक है कि कर्मियों के पदस्थापन वाले प्रत्येक कार्यालय की शहर श्रेणी (City Tier) की जानकारी उपलब्ध हो।

सभी विभागों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सभी वेतन आहरण (DDO) कार्यालयों एवं उनसे संबद्ध प्रशासनिक कार्यालयों की सूची, उस शहर की श्रेणी सहित, जिसमें वे स्थित हैं, उपलब्ध कराएँ।

अतः इस हेतु आपसे अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में, एक्सेल (Excel) प्रारूप में सूचनाओं को अंकित कर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– HRA Fixation प्रपत्र।

विश्वासभाजन,

26.10.2026

(राशिद कलीम अंसारी)
अपर मिशन निदेशक

ज्ञापांक :– बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2025, सो० 3324, दिनांक– 26/10/2026
प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1285/212
30/10/26

26.10.2026

अपर मिशन निदेशक

ज्ञापांक :– बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2025, सो० 3324, दिनांक– 26/10/2026
प्रतिलिपि :– M/S KPMG, पटना / M/S IPE Global,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6407
प्राप्ति तिथि 28/10/26

26.10.2026

अपर मिशन निदेशक

श्री प्रभ
30/10/26

V. S– (27/10)

10219
27.10.26

क्र.सं.	विभाग का नाम	DDO कार्यालय का नाम (HRMS केअनुसार)	DDO कार्यालय कोड (HRMS के अनुसार)	शहरश्रेणी (X, Y, Z)	DDO कार्यालयका जिला	वर्तमान DDO कार्यालय का कोषागार	प्रशासनिक कार्यालय का नाम (DDO कार्यालय से संबद्ध))	पता पंक्ति 1	पता पंक्ति 2	जिला	पिनकोड

नोट:

1.DDO का नाम एवं कोड HRMS के अभिलेखों से हू-बहू मेल खाना चाहिए।

2. शहर श्रेणी (City Tier) केवल X, Y या Z के रूप में ही भरी जाए।

3. किसी DDO के अधीन प्रत्येक प्रशासनिक कार्यालय को अलग पंक्ति में दर्शाया जाए (DDO का विवरण दोहराते हुए), तथा उसके सामने पता पंक्ति 1, पता पंक्ति 2, जिला एवं पिन कोडअनिवार्य रूप से भरे जाएँ, ताकि शहर श्रेणी और HRA श्रेणी का सटीक मानचित्रण (mapping) किया जा सके।

4. भरा हुआ प्रपत्र [अंतिम तिथि] तक [ई-मेल आईडी / पोर्टल] पर भेजना सुनिश्चित करें। अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आँकड़ों के कारण संबंधित कर्मियों के HRA के निर्धारण में विलंब हो सकता है, अतःप्रेषण से पूर्व विवरण का सत्यापन कर लें।